**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 13.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **राज्य सरकार भारतमाला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की जांच ईओडब्ल्यू से करवाएगी—राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला।**
- **बीजापुर जिले में आज चौबीस लाख रूपए के सत्रह इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।**
- **महासमुंद, बेमेतरा और गरियाबंद में आज हुए सड़क हादसों में दस लोगों की मौत।**
- **प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होलीकल मनाया जाएगा—आज रात होगा होलिका दहन।**

**मंत्रिमंडल—निर्णय**

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू की जाएगी। यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन और अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी। इस कार्यक्रम को पूरा करने वाले युवा को आईआईएम रायपुर द्वारा एमबीए की डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। साथ ही प्रतिमाह स्टाईपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति—दो हजार तेईस के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण—पीड़ित राहत और पुनर्वास नीति—दो हजार पच्चीस को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। वहीं, मंत्रिमंडल ने राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र का गठन करने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से एमओयू किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताय कि जल संसाधन विभाग के नौ जलाशयों के सुधार कार्यों के लिए पांच सौ बाईस करोड़ रूपए से अधिक की ऋण स्वीकृति केन्द्र सरकार के माध्यम प्राप्त की जाएगी।

**राष्ट्रपति—छत्तीसगढ़ दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चौबीस मार्च को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति का प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी सिलसिले में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय में आज उच्च स्तरीय बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**ईडी—चालान**

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय—ईडी ने कल रायपुर की विशेष अदालत में तीन हजार आठ सौ इकतालीस पन्नों का चालान पेश किया है। इसमें जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा समेत इक्कीस अन्य को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई बाईस मार्च को होगी।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

बीजापुर जिले में आज सत्रह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों पर कुल चौबीस लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों में नक्सली कमांडर दिनेश मोडियाम और उसकी पत्नी ज्योति ताती भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि इस पर गंगालूर क्षेत्र में कई हत्याओं सहित अन्य घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादी एड़समेटा के स्थानीय माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। इन माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई।

**इसरो–उपग्रह प्रक्षेपण**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह देश की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि यह सफलता भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–चार और गगनयान सहित भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**दुर्घटना**

महासमुंद, बेमेतरा और गरियाबंद जिलों में आज हुए सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई है। महासमुंद जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत गई है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार एक ट्रक और कार में टक्कर होने से यह हादसा हुआ। बेमेतरा जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। सिटी कोतवाली प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि सैगोना गांव के पास एक कार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें ग्यारह लोग सवार थे, जिसमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आठ घायलों को बेमेतरा जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में रिफर कर दिया गया है। यह परिवार रायपुर सिवनी से पिपरिया त्यौहार मनाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार का टायर फट गया, जिसके चलते वह अनियंत्रित होकर नहर में जा पलटी। वहीं, गरियाबंद जिले के बारूका गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों का गरियाबंद जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है।

**होलिका दहन**

प्रेम, भाईचारे और रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा। इसके पहले आज रात बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में होलिका दहन किया जाएगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में होलिका दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भी जागरूकता की वजह से कई जगहों पर लकड़ी के स्थान पर कण्डों की होली जलाने की तैयारी की गई है। प्रशासन ने मुहूर्त के अनुसार आज रात साढ़े बारह बजे तक होलिका दहन करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने होली के दौरान अस्त्र–शस्त्र के उपयोग और प्रदर्शन के साथ ही डीजे और मुखौटे पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रंगों के इस त्योहार को सावधानी और सुरक्षा के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार के पकवानों के इस त्योहार के दौरान खान–पान में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। वहीं, आयुर्वेद चिकित्सकों ने बताया कि इस समय वातावरण में अनेक पराग कण मौजूद रहते हैं, जो एलर्जिक रोग पैदा करते हैं, इसलिए होलिका दहन में अगरू, आम, साल, नीम की सूखी टहनियों और गूगुल, कपूर जैसे आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों का उपयोग हवन के रूप में करना चाहिए, ताकि वातावरण संक्रमण रहित हो सके। इस बीच, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को रंगों और उल्लास के पर्व होली की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करने वाला पर्व है। यह त्यौहार हमें सिखाता है कि जीवन में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंग सबसे अनमोल हैं। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं और राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

**अम्बेडकर अस्पताल–निर्देश**

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के निर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर संतोष सोनकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देश दिए हैं।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन कल चौदह मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत चौबीस घंटे उपलब्ध रहेंगी।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने अमदई खदान निको कंपनी के डंप एरिया में पांच किलो का कुकर बम बरामद किया है।

– छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा तेईस मार्च को मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थी आज से व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

– मुंगेली जिले के समाजसेवी उमाशंकर कश्यप को बाल अधिकार और संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है।

– कोंडागांव जिले की साइबर सेल की टीम ने अभियान चलाकर एक महीने में गुम हुए एक सौ चौहत्तर मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समारोह में मालिको को उनके मोबाइल वापस किए गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>